भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं.3184

जिसका उत्तर 16.12.2021 को दिया जाना है

सड़कों का मरम्मत कार्य

3184. श्री बी.वाई.राघवेन्द्र:

श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले:

डॉ. उमेश जी. जाधव:

श्री कराडी सनगन्ना अमरप्पा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश के दक्षिणी भाग, विशेष रूप से कर्नाटक में आई बाढ़ और हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण और मरम्मत के लिए अलग कोष स्थापित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जीं नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। राष्ट्रीय राजमार्गों के रखरखाव और मरम्मत की विभिन्न गतिविधियाँ उपलब्ध संसाधनोंसे सामान्य मरम्मत, आवधिक नवीनीकरण, विशेष मरम्मत और बाढ़ क्षतिग्रस्त मरम्मत जैसे उप शीर्षों के तहत की जाती है। कर्नाटक राज्य को वर्ष 2021-22 के दौरान हाल ही में हुई बारिश और बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुए राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत और रखरखाव के लिए उप-शीर्ष एफडीआर के तहत 8.0 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। बारिश/बाढ़ के कारण हुई क्षति यदि कोई हो, को कर्नाटक राज्य सहित संबंधित राज्य की वार्षिक योजनाओं में प्रमुख पुनर्निर्माण/पुनर्वास आवश्यकताओं के तहत पूरा किया जाता है।

*****